Black money is playing havoc with our economy. Those who have black money should be encouraged to bring it out. A tax at the rate of 40 to 50 percent should be levied on their black money. Loan Bonds should be given for the remaining amount and that amount should be utilised for the development of the country. There is lot of talk about corruption in our country. There is need for having a fresh look at our system of licences and permits. Also restrictions on the movement of foodgrains should be removed. These steps will help in reducing the corruption.

An amount of 63 crores rupees have been allocated for the irrigation of 50 lakh hectare land. The Government should urgently take up minor irrigation projects. Underground water resources should also be tapped. River water disputes should be settled before long. Pochampad and Nagarjun Sagar Projects need immediate attention. Andhra Pradesh has adequate coal deposits. A super thermal plant should be sanctioned for Andhra.

Remuneration price should be fixed up for agricultural production. The income tax exemption limit has been raised from Rs. 6000 to Rs. 8000. It should be raised to Rs. 10,000 so that Income Tax Department could pay more attention to check tax evasion by big people. Stern measures should be taken to check tax evasion.

There is need for electoral reforms. Since politicians have to spend lot of money on electors they indulge in corruption. Like American we should also have in our country elections to all bodies on an appointed date. No election should be held at any other time.

[Shri P. Ganga Reddy]

Corruption among the Government employees should be rooted with a heavy band Article 311 should be taken out of the constitution. There should also be reduction in administrative expenditure.

The Government should pay urgent attention to provision of drinking water and eradication of untouchability and unemployment. Free and compulsory education should also be provided.

An all out effort should be made to implement this economic programme. Most of our programmes fail in absence of proper implementation and if this programme is not implemented properly it will also flop like other programmes and it will cause frustration among the people. A national committee for rural programme should be set up for getting this programme implemented. More than 50 per cent members of this committee should be non officials.

Shri Hari Kishore Singh (Pupri): I am thankful to you for providing me an opportunity to participate in this discussion. I am one with Shri Bhogendra Jha that the present 20 point New Economic Programme, in no way changes the basic structure of our economy. According to the New Economic programme the capitalists, the public as well as private sector will continue in our country. A look on the programme of first three months makes it amply clear that Government is determined to do something for the common men.

Land Reform is the most imported thing in the entire new programme. If Government is really been to bring in an era of social transformation, the land reform programme should be implemented expeditiously. This forms the basis of all economic and social changes in the society. It should be ensured by the Government that all laws pertaining to land reforms, as passed by the various States, should be implemented within next six months.

It is a matter of pleasure that the loans of landless personal of rural areas are being condoned by State Governments. But this is also to lead to some difficulty because now those people will not be getting loans by mortgaging their land. They will be forced to sell out their land. The alternative source of loans should be made available to them by the Government.

I am a strong supporter of public sector, but I am at a loss to understand why it should always be necessary to appoint IAS and IPS officers to the places of responsibility in public undertakings and civil administration. In this connection my suggestion is that capable social and political workers who are committed to social cause and possess the courage of conviction should also be appointed to these posts. This will be of good help in the implementation of this new programme. In case it is found necessary the constitution should be amended for this purpose.

It is a matter of pity that even after 27 years of independence, crores of people are homeless in our country. A number of plans have been started by the Government experimental basis but I feel that a time bound large scale plan should be formed in which the people of Congress-Party, Communist Party and other parties should be associated with that.

Lastly I want to submit that, there is feeling that the State of Bihar is being neglect in the matter of power. The power projects earlier allocated for Bihar,

have been shifted to other states . This should be looked into by the Government and a **power station should be set up** in Bihar. The Minister should also se that Gandok and Kasi projects in Bihar should be taken over by the Central Sector.

With these words I support the programme and hope that Government will implement the same with entire might at her command.

डा० वी० के० आर० वर्दराज राव (वेल्लारी) : मैं वित्त मंत्री का आभारी हूं कि उन्होंने प्रधान मंत्री के आर्थिक कार्यक्रम सम्बन्धी प्रस्ताव पुरःस्थापित कर, हमें उन पर चर्चा करने का अवसर दिया है ।

(श्री इसहाक सम्भली पीठासीन हुए)

[**Shri Ishaque Sambhali:** in the Chair]

वित्त मंत्री ने प्रधान मंत्री के 20 सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम, जिसकी प्रति कल सभा पटल पर रखी गई थी, का अध्ययन करने के लिए भी कहा है । मैं पहले 20 सूत्रीय कार्यक्रम तथा बाद में आर्थिक सर्वेक्षण के बारे में अपने विचार व्यक्त करना चाहता हूं ।

जहां तक 20 सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम का सम्बन्ध में उसमें अनेक असाधारण तथा साधारण बातों को शामिल किया गया है । इसके कुछ पहलुओं का सम्बन्ध ग्रामीण क्षेत्रों, योजना कार्यक्रमों तथा मुद्रा स्फीति व छात्र समुदाय से भी सम्बद्ध है । कार्यक्रम के कुछ पहलुओं का सम्बन्ध औद्योगीकरण से भी है । तथ्य तो यह है कि इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में कोई भी बात ऐसी नहीं है जिसका कोई भी सदस्य विरोध करना चाहता हो ।

वर्तमान कार्यक्रम का सब से महत्वपूर्ण पहलू भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारित करने से सम्बद्ध है । इस सम्बन्ध में चालू वर्ष के दौरान सर्वेक्षण करने से मालूम होगा कि केन्द्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों से भूमि कानून पुरःस्थापित करने के लिए लिख दिया है । इतना ही नहीं अपितु उन्हें शीघ्र पारित करवा कर क्रियान्वित करने के लिए भी कह दिया गया है। प्रधान मंत्री द्वारा यह किया गया है कि यह कार्यक्रम केवल सरकारी तंत्र के माध्यम से ही क्रियान्वित नहीं किया जा सकता अपितु इसके लिए जनता तथा गैर-सरकारी व्यक्तियों का सहयोग भी अपेक्षित है तो मैं केन्द्रीय सरकार से यह जानना चाहता हूं राज्य सरकारों से इस सम्बन्ध में गैर-सरकारी व्यवस्था कायम करने के लिए भी कह दिया गया है ताकि भूमि की अधिकतम सीमा सम्बन्धी कानूनों की क्रियान्वित किया जा सके ।

कार्यक्रम में निहित ग्रामीण ऋण ग्रस्तता सम्बन्धी पहलू का भी मैं स्वागत करता हूं । इस सम्बन्ध में मैं केवल यही जानना चाहता हूं कि ग्रामीण ऋण देयता को, सरकार या सरकारी संगठनों से सम्बद्ध ऋणदेयता से अलग क्यों किया गया है ? क्या सरकार यह समझती है कि निजी क्षेत्र से ऋण लेने वाले तो ऋण लौटा सकने में असमर्थ हैं परन्तु जो सरकारी संस्थाओं से ऋण लेते हैं, वह ऋण लौटाने में समर्थ होते हैं ? क्या ऐसे लोग ऋण का भार अनुभव नहीं करते ? इसी सम्बन्ध में एक अन्य समस्या की ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । उन लोगों का क्या होगा जो दुबारा ऋण लेना चाहते हैं ? मैं अच्छी तरह जानता हूं कि वित्त मंत्री द्वारा इस मामले पर पूर्ण गम्भीरता से विचार किया जा रहा है । उन्होंने हमें यह भी बताया हैं कि इस उद्देश्य की पूर्ति

[डा० वी० के० आर० वरदराज राव]

के लिए 50 ग्रामीण बैंकों की स्थापना की जा रही है। हमें यह भी अच्छी तरह मालूम है कि सहकारिता आन्दोलन इस आवश्यकता को पूरा नहीं कर पाया है। अतः इन परिस्थितियों के सन्दर्भ में मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए सरकार द्वारा क्या अन्य कदम उठाये जा रहे हैं? इस ऋण का क्या होगा जो सरकार को देय है, परन्तु उसका भुगतान नहीं किया जाता। कम आय वाले ऋण दाताओं के वर्गों का क्या होगा तथा इससे सम्बद्ध प्रतिस्थापन व्यवस्था का क्या होगा? आवश्यकता इस बात की है कि यह सब कुछ साथ साथ किया जाये।

इसके अतिरिक्त मैं न्यूनतम कृषि मजदूरी के बारे में निवेदन करना चाहता हूं। इसके सम्बन्ध में जो विधान प्रस्तुत किया गया है वह सन्तोषजनक नहीं है मुझे यह भी पता चला है कि बिहार में न्यूनतम मजदूरों को 2.50 रुपये या 3.00 रुपये से बढ़ा कर 6.00 रुपये या 7.00 रुपये करने के लिए अध्यादेश जारी कर दिया गया है। क्या इस समस्या का समाधान केवल सांविधिक ढंग से ही हो सकता है? यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण तथा जटिल समस्या है। मैं इस सम्बन्ध में केवल यही कहना चाहता हूं कि यदि हम लोगों में जागृत की गई आशाओं के अनुरूप कानून लागू करने में सफल न हो सके तो हमारे लिए बहुत सी कठिनाइयां उत्पन्न हो जायेंगी।

हमारी अगली मुख्य समस्या विद्युत की बढ़ती हुई मांग की है। हम विद्युत के शीघ्र बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए सुपर तापीय बिजली घरों की स्थापना करना चाहते हैं। परन्तु मुख्य समस्या नये बिजली घरों की स्थापना के साथ साथ वर्तमान अधिष्ठापित क्षमता के उपयुक्त तथा कारगर उपयोग की भी है। इस सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि इस कार्यक्रम की क्रियान्विति में रख रखाव के कार्य को भी उपयुक्त महत्व दिया जाना चाहिये।

वर्तमान कार्यक्रम की अगली महत्वपूर्ण मद मकानों के लिए प्लाटों आदि की व्यवस्था करने से सम्बद्ध है। परन्तु इसी से सम्बद्ध एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यदि खेतिहर मजदूर या छोटे किसानों को मकान बनाने के लिए भूमिखण्ड दे दिया जाता है तो वह उसका क्या करेगा? क्या हमने उसके उपयोग के बारे में भी कोई व्यवस्था की है? एक मकान के निर्माण पर 1500—रुपये से 1000—रुपये लागत आ सकती है परन्तु क्या इसके लिये अनुपूरक कार्यक्रम बनाया गया है?

सम्पत्ति का मूल्य कम आंकने या इसके अवमूल्यन पर भी प्रतिबन्ध लगाया जाना चाहिये। देश में करोड़ों रुपये का काला धन छिपा हुआ है जो किसी न किसी रूप में गृह सम्पत्ति तथा भूखण्डों में लगाया गया है। इसका पता लगाने के लिए भी कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। इसी प्रकार तस्करी के माध्यम से देश में जो वस्तुएं लाई जाती हैं, उनकी तस्करी को रोकने तथा तस्करों को पकड़ने के लिए भी सख्त कार्यवाही की जानी चाहिये।

20 सूत्रीय कार्यक्रम की सब से महत्वपूर्ण बात मूल्यों की वृद्धि को रोकने सम्बन्धी है। हमने वस्तुओं के वितरण, वसूली तथा मूल्य वृद्धि को रोकने की बात अनेक बार की है। मैं सरकार को बधाई देता हूं कि वह मुद्रास्फीति को रोकने में काफ़ी सीमा तक सफ़ल रही है। परन्तु इस कार्य में अब किसी प्रकार की ढील नहीं दी जानी चाहिये। हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि आपात स्थिति की घोषणा के बाद मूल्य काफी हद तक कम हो गये हैं। हमें मूल्य पर नियंत्रण बनाये रखने के लिए हर सम्भव उपाय करते रहना चाहिये। हमें वितरण व्यवस्था की ओर भी उचित ध्यान देना

चाहिये। जमा खोरी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही इस कार्य के लिए काफ़ी लाभदायक सिद्ध हो सकती है। सरकार द्वारा चालू वर्ष में छः उद्योगों के उत्पादन का 20 प्रतिशत अपने हाथ में ले लेने की बात कही गई है। यह उत्पादन सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किया जायेगा। परन्तु प्रश्न यह है कि देश में कितनी सहकारी समितियां सफ़लतापूर्वक चल रही हैं? मेरा सुझाव है कि सहकारी वितरण व्यवस्था के साथ साथ हमें किसी अन्य व्यवस्था पर भी विचार करना चाहिये।

अगर हम अपने गत वर्षों के खाद्यान्नों सम्बन्धी आंकड़ों का अध्ययन करें तो हमें मालूम होगा कि एक महीने में साधारणतयः 10 लाख टन खद्यान्नों का वितरण किया जाता है। अतः वर्ष में हम लगभग 1.20 करोड़ टन खाद्यान्नों का वितरण करते हैं। वर्तमान आपात स्थिति में हमें अपना वसूली लक्ष्य प्राप्त करना तो सुगम हो गया है। 1975–76 के दौरान 1.20 करोड़ टन खाद्यान्न की वसूली हो जाने की अच्छी सम्भावना है। अतः यदि कुछ खाद्यान्नों का आयात किया जाता है तो उन्हें रक्षित भंण्डार के रूप में रखा जा सकता है।

सरकारी वित्त व्यवस्था की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। गंगा कावेरी के संगम पर लगभग 5000–6000 करोड़ रुपये के खर्च आने की संभावना है तथा इसके लिए वित्त मंत्री, प्रधान मंत्री तथा भारत सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। तथ्य तो यह है कि चालू वित्तीय वर्ष की संभावनाएं अच्छी नहीं हैं। अतः सरकार को मुद्रास्फीति तथा वित्तीय नीति के बीच तालमेल स्थापित करने का प्रयत्न करना चाहिये।

प्रधान मंत्री द्वारा 1 जुलाई तथा 26 जुलाई, 1975 को दिये गये वक्तव्यों के अनुसार सारा कार्यक्रम देश भर में तेज़ी से चल रहा है। वित्त मंत्री ने व्यापार स्थिति की चर्चा भी की है। आंकड़ों को देखने से पता चलता है कि अप्रैल–मई, 1975 में 601 करोड़ रुपये का आयात हुआ है जब कि निर्यात 496 करोड़ रुपये का हुआ है। इससे दो महीनों में 105 करोड़ रुपये का प्रतिकूल बकाया हो गया है। यदि चालू स्थिति जारी रही तो वर्ष के अन्त तक 600 या 700 करोड़ रुपये की प्रतिकूल बकाया राशि हो जायेगी। अतः हमें अपना निर्यात बढ़ाना है। हमें एक निर्यात बैंक भी स्थापित करना चाहिये।

मध्य पूर्व के देशों की ओर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिये। हम इन देशों को रेफ्रीजरेटर और डीप-फ्रीजर भेज सकते हैं। इन वस्तुओं को वहां भेज कर हम रुपया कमा सकते हैं। इस व्यापार की ओर अब अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

निर्यातकों को विदेशी मुद्रा की सुविधा उदारता से दी जानी चाहिये। इस समय हमें गन्ना न देकर भेली देने वाली बात नहीं करनी चाहिये बल्कि हमें निर्यात बढ़ाने वालों को आवश्यक सुविधायें देनी चाहिये।

हमें इस आपात स्थिति के अवसर का उपयोग देश में पूर्ण परिवर्तन लाने के लिये करना चाहिये। 20 सूत्री कार्यक्रम एक अच्छी शुरूआत है। इसका उद्देश्य कुछ क्षेत्रों की उन समस्याओं का समाधान करना है, जहां बहुत कम कार्य हुआ है। इसके बाद हमें फ़िर कभी अवसर नहीं मिलेगा। हमें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिये।

1265 LS—3

[डा० वी० के० आर० वरदराज राव]

सबसे पहले सरकार को राष्ट्रीय आन्दोलन के रूप में निरक्षरता को दूर करना चाहिये। ग़रीबी एक दिन या एक वर्ष में समाप्त नहीं की जा सकती। लेकिन निरक्षरता को हम एक अभियान क द्वारा समाप्त कर सकते हैं। प्रधान मंत्री के 20 सूत्री कार्यक्रम में यह कार्यक्रम भी जोड़ा जाना चाहिये।

हमें देश भर की कुल सम्पत्ति का अनुमान लगाना चाहिये। इस सम्पत्ति का विवरण आंकड़ों के द्वारा ही नहीं देखना चाहिये बल्कि छिपी हुई सम्पत्ति का भी पता लगाया जाना चाहिये। यह तंत्र को थोड़ा शक्तिशाली बनाने से ही हो सकता है। बैंक में जमा धन, शेयरों, जमानतों तथा कुछ अन्य बातों का पता लगाकर यह किया जा सकता है। सम्पूर्ण आभूषण उद्योग को नियमित और नियंत्रित किया जाना चाहिये क्योंकि बहुत सा काला धन जिसे लोग प्रकट नहीं करना चाहते। मूल्यवान पत्थरों और आभूषणों में व्यय कर देते हैं।

मुद्रास्फीति समाप्त करने और आर्थिक विकास करने के लिये केवल घाटे की अर्थ-व्यवस्था की ओर ही ध्यान देना पर्याप्त नहीं है। राष्ट्रीय बचत को बढ़ाने के लिये हम क्या कर रहे हैं? इस देश में तीन चार वर्ष के लिये गांधीवादी सादगी की घोषणा क्यों नहीं कर दी जाय सादगी बरते जाने के लिये समान जीवनयापन की व्यवस्था की जाये। यदि यह पहले नहीं कर सके तो अब इसे कर सकते हैं। इसलिये अब हमें 22 प्रतिशत तक बचत करने के लिये व्यापक कार्य-क्रम बनाना चाहिये तथा सभी अनावश्यक उपयोगों को समाप्त कर देना चाहिये।

आज की परिस्थितियों में परिवार नियोजन अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। सरकार को इस कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर गम्भीरता से विचार करना चाहिये।

बेरोजगारी सम्बन्धी समस्या की ओर आर्थिक विकास दस्तावेज अथवा 20 सूत्री कार्यक्रम में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। रोजगार के इच्छुक रोजगार दफ्तर में दर्ज लोगों की संख्या 20 लाख से भी ऊपर पहुंच गई है। रोजगार की यह समस्या प्रशिक्षुओं के पहलू मात्र को लेकर हल नहीं की जा सकती। इससे तब तक कुछ होने वाला नहीं है जब तक उद्योगों में भेजने से पहले सरकार प्रशिक्षुओं को रोजगार से सम्बन्धित प्रशिक्षण नहीं देती। इस समय व्यापक राष्ट्रीय लोक कार्यक्रम बनाया जाना चाहिये।

कहा गया है कि सभी आई० सी० एस० और आई० ए० एस० अधिकारियों को बदल दिया जाना चाहिये। परन्तु यह कार्यक्रम नौकरशाही के सहयोग से ही लागू किया जा सकता है। हमें उनके साथ शत्रु जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिये। उन्हें सुव्यवस्थित करने के लिये हमें कोई तरीका ढूंढना चाहिये। नौकरशाही के सम्बन्ध में नया तरीका अपनाना चाहिये।

बीसवीं सदी के पहले 25 वर्षों में पूंजीवाद की हानि हुई, अगले 25 वर्षों में सोवियत संघ का अभ्युदय हुआ और सम्मान बढ़ा। इसके बाद के 25 वर्षों में चीन का सम्मान बढ़ा। अब ये अन्तिम 25 वर्ष भारत के हैं। मेरा यह अनुमान था कि यहां 1980 से घटनायें शुरू होंगी परन्तु वे बहुत पहले ही शुरू हो गई हैं। हम चाहते हैं कि आगामी 25 वर्ष भारत के हों और इस अवधि में भारत वास्तव में प्रगतिशील, समतावादी समाजवादी हो जाये तथा इसके साथ ही विश्व के उत्पादक राष्ट्रों में आ जाये

श्री इन्द्रजीत गुप्त (अलीपुर) : प्रधान मंत्री द्वारा घोषित कार्यक्रम का देश भर में स्वागत हुआ है। हमारे दल ने इसका स्वागत इस दृष्टि से नहीं किया है कि इसमें कुछ नया है बल्कि इस दृष्टि से किया है कि सरकार ने एक कार्यक्रम बनाया है जो अन्तिम न होकर थोड़े समय के लिये है। इसकी परीक्षा इसको लागू किये जाने में ही हो जायेगी। लागू करने अथवा लागू न करने पर यह देश उठ खड़ा होगा या समाप्त हो जायेगा, यह सरकार उठ खड़ी होगी अथवा गिर जाएगी प्रधान मंत्री का सम्मान बढ़ेगा अथवा उनका पतन होगा, इस बारे कुछ कहना जल्दबाजी ही है। अब हम इस स्थिति पर पहुंच चुके हैं और फिर दूसरा अवसर मिलने वाला नहीं है। हमारे सैकड़ों अच्छे कार्यक्रम हो सकते हैं। परन्तु प्रश्न तो उन्हें लागू करने का है। अतः अब प्रश्न तो लोगों को कार्यक्रमों के प्रति आकर्षित करने का है।

यह बात प्रसन्नता की है कि मुद्रास्फीति, जो गत वर्ष 30 या 25 प्रतिशत थी, अब घट कर 6 प्रतिशत रह गई है। आर्थिक दृष्टि से यह एक बड़ी उपलब्धि है। परन्तु जनसाधारण को इससे कोई राहत नहीं मिली है। थोक मूल्य कुछ कारणों से कम हुये हैं। परन्तु एक दो चीजों को छोड़कर इसका प्रभाव खुदरा मूल्य पर नहीं पड़ा है।

ज्ञात हुआ है कि बड़े व्यापारी समाप्त होने वाले स्टाक को फिर से पूरा न करने का संगठित षड़यंत्र चला रहे हैं। उनका ऐसा अनुमान है कि कुछ समय के बाद कुछ आवश्यक वस्तुओं का अभाव होगा। सरकार ने भारत रक्षा नियम अथवा अन्य किसी नियम के अन्तर्गत कोई ऐसा नियम अथवा कानून पास नहीं किया है कि एक निश्चित सीमा से स्टाक के कम होने पर इसे पूरा करना आवश्यक है। सरकार ने केवल इतना कहा है कि उन्हें निश्चित विनियमों के अनुसार बिक्री करनी है। ये विनियम भी बहुत प्रभावकारी अथवा कठोर नहीं हैं। उदाहरणतः भारत रक्षा नियमों के अन्तर्गत यह आदेश जारी किये गये हैं कि डिब्बा बन्द सामान पर डिब्बे के ऊपर वस्तु का नाम, उसका माप व तोल, डिब्बा बन्द करने की तिथि और बिक्री मूल्य लिखा होना चाहिये। यह बहुत अच्छा कदम है। परन्तु मूल्य के बारे में क्या सुरक्षा बरती गई है ?

1974–75 के दौरान सरकारी क्षेत्र में बैंकों से लिया गया ऋण गत वर्ष की तुलना में 799 करोड़ रुपये अधिक था तथा गैर-सरकारी क्षेत्र में यह 1200 करोड़ रुपये से अधिक था। इस बीच की गई प्रगति पर अपना सन्तोष प्रकट करने के साथ साथ हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिये कि मुद्रास्फीति के लिये जिम्मेदार तत्वों को अभी भी दूर नहीं किया जा सका है। हमें इसके लिये कठिन और लम्बी लड़ाई लड़नी है।

आपातकालीन स्थिति की घोषणा के बाद वस्तुओं के नियंत्रित मूल्य बढ़ा दिये गये हैं। एक ओर खुदरा मूल्य कम नहीं हो रहे है ऑर दूसरी ओर सरकार कोयला, इस्पात, एल्यूमिनियम, मिट्टी का तेल, खाना बनाने की गैस और स्टैण्डर्ड कपड़े के मूल्य बढ़ा दिये गये हैं। जन सामान्य को किस प्रकार यह विश्वास दिलाया जाये कि मूल्य गिर रहे हैं।

अगली फसल के अच्छा होने की आशा है। परन्तु अनुभव यह बताता है कि ऐसा होने के बावजूद भी यदि वसूली में असफलता होती है तो जनसाधारण को अच्छी फसल का लाभ नहीं मिल पाता।

[श्री इन्द्रजीत गुप्त]

यह बात गर्व की है कि हमारा अनाज का उत्पादन 1000 लाख टन तक बढ़ गया है परन्तु हम 120 लाख टन भी वसूल नहीं कर पाये हैं। इस 1000 टन की उपज में से हमें कम से कम 120, 150 या 250 लाख टन तक की वसूली करनी चाहिये। यदि हम यह सब नहीं कर सकते तो आपातकालीन स्थिति की बात करने का क्या लाभ है ?

उद्योगों की क्षमता बिना उपयोग के पड़ी है। यदि उस क्षमता का ही उपयोग किया जाये तो हम बिना कुछ और किये उत्पादन अधिक नहीं तो 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। श्री टी० ए० पाई ने हाल में कहा है कि यदि उद्योग कम से कम 25 प्रतिशत तक क्षमता का उपयोग नहीं करते तो हम उसके प्रबन्ध को बदलने में संकोच नहीं करेंगे। प्रबन्ध परिवर्तन का क्या अर्थ है ? इसका अर्थ यही है कि सरकार को इन उद्योगों की निगरानी के लिए कुछ अपने आदमी नियुक्त करने पड़ेंगे।

मुझे पता नहीं कि ये बड़े बड़े उद्योग पति, और व्यापारी आपात स्थिति, में लागू अनुशासन को कहां तक मानेंगे। बड़े समाचार-पत्रों के मालिक और ये व्यापारी जो कल तक प्रधान मंत्री को हटाने के लिये एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे थे, आज श्रीमती गांधी के समर्थन में शपथ ले रहे हैं। क्या हम औद्योगिक उत्पादन को गैर-सरकारी क्षेत्र की दया पर छोड़ देंगे।

अभी मैं सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति के 69वें प्रतिवेदन को देख रहा था। उसमें बताया गया है कि भारतीय सीमेंट निगम द्वारा 50 लाख मीटरी टन सीमेंट उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था जिसे घटा कर 16 लाख टन कर दिया गया तथा फिर और घटा कर 12 लाख टन कर दिया गया है। ऐसा इसलिये किया जा रहा है ताकि गैर-सरकारी क्षेत्र अपने उत्पादन का और विस्तार कर सकें। लेकिन जयपुर उद्योग की सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.55 लाख मीटरी टन होने के बावजूद उसका उत्पादन प्रतिवर्ष कम हो रहा है और यह शीघ्र ही बन्द हो जायेगा। गैर-सरकारी क्षेत्र में सीमेंट के सभी कारखानों का ऐसा ही हाल चल रहा है।

श्रीमती गांधी का 20 सूत्री कार्यक्रम बहुत अच्छा है और उससे एक नयी क्रान्ति आ सकती है लेकिन आप जनता का विश्वास जीतिये। लोग यदि सहयोग देंगे तभी यह कार्यक्रम सफल हो पाएगा। प्रतिक्रियावादी शक्तियों की आर्थिक शक्ति पर प्रहार करना आवश्यक है केवल उन पर प्रतिबन्ध लगाने से काम नहीं चलेगा। गरीबी हटाओ कार्यक्रम तभी सफल होगा जब शोषणकर्ताओं के विरुद्ध ठोस कदम उठाये जायेंगे। ये बड़े-बड़े कारखानेदार मजदूरों के शोषण में लगे हैं; कभी तालाबन्दी, कभी मजदूरों को नौकरी से हटाये जाने के समाचार मिलते रहते हैं।

विदेशी मुद्रा की चोरी रुकी नहीं है। सभी विदेशी कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिये विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम की धारा 28 को कड़ाई के साथ लागू किया जाये। कोका कोला, कालगेट, पामोलिव, ब्रुक बांड, हिन्दुस्तान लीवर, ब्रिटेनिया बिस्कुट, ग्लैक्सो आदि कम्पनियों को इस धारा का अनुसरण करने के लिये मजबूर क्यों नहीं किया जाता ? पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में कुछ अधिकारी बैक्टल को पुनः यहां स्थापित करने के लिये जोर लगा रहे हैं जब कि सभी जानते हैं कि इस कम्पनी के मुखिया श्री जान० ए० मेकोन अमरीका में सी० आई० ए० के मुखिया भी रह चुके हैं। ऐसी कई बाह्य शक्तियां हैं जो भारत की

सरकार को अस्थिर बनाना चाहती हैं। आप भूतपूर्व सी० आई० ए० एजेंटों को भारत में आने से रोकने को दिशा में सतर्क रहें।

मोटे कपड़े का उत्पादन योजनाबद्ध ढंग से होना चाहिए। सरकार ने 103 रुग्ण कपड़ा मिलों को अपने अधिकार में लिया है। गैर-सरकारी क्षेत्र तो इनको नोच-खसोट कर खा गया। अब सरकार इनमें जनता का धन व्यय करेगी। फिर भी अगर सरकार इन मिलों के प्रबन्ध की ओर समुचित ध्यान दे तब एक आधार तैयार हो सकता है। लेकिन हमारी संसद् की एक समिति—सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति ने भी वस्त्र उद्योग के मामले में सरकार की आलोचना की है। राष्ट्रीयकृत बैंकों को सरकार समुचित निदेश नहीं देती कि इस उद्योग को ऋण सम्बन्धी सुविधाएं दी जायें। सस्ते कपड़े की देश में इतनी कमी है कि पूर्वी भारत में तो एक परिवार की दो-तीन महिलाओं के पास केवल एक ही साड़ी होती है। वे महिलाएं एक ही समय पर घर से बाहर काम करने नहीं जा सकतीं। जब एक वापस आती है तो दूसरी उसकी साड़ी पहन कर जाती है। उनकी इतनी दयनीय स्थिति पर विचलित हुए बिना कौन रह सकता है। गैर-सरकारी क्षेत्र में कपड़े की मिलों को न केवल बैंकों से ऋण मिलता है बल्कि सरकार की वित्तीय संस्थाओं जैसे आई०डी० बी०आई०, आई०एफ०सी०, आई०सी०आई०सी०आई आदि से भी उन्हें सहायता मिलती है। पटसन मिलों को भी इस प्रकार धन प्राप्त हो जाता है लेकिन ये मिल मालिक कारखानों के आधुनिकीकरण की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं देते।

आप ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण समस्या की बात कह रहे थे। लेकिन बड़े-बड़े कारखानों में भी लोग बहुत बड़ी संख्या में ऋण-ग्रस्त हैं। कारखानों में उन्हीं के साथी ऋण देकर खूब ब्याज कमा रहे हैं। एक सप्ताह के लिये 10 प्रतिशत ब्याज लिया जाता है।

आप गरीबों को जमीन दे देते हैं लेकिन उनके पास पैसा तो है ही नहीं जिससे वे पशु और बीज खरीद सकें। संयुक्त विधायक दल मंत्रिमंडल जब बना था तो बंगाल में कुछ लोगों को जमीन दी गई थी। पर वे लोग उसे बेच कर खा गये। आप जमीन और मकान देने के साथ-साथ उनके वित्त-पोषण का भी प्रबन्ध करें।

श्री भोगेन्द्र झा ने कहा है कि संविधान के कुछ अनुच्छेदों का संशोधन आवश्यक है। लगता है न्यायालय कृषि सुधार और भूमि की अधिकतम सीमा सम्बन्धी मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। सरकार के पास इस बारे में अवश्य जानकारी नहीं है। अतः मैं इसके विस्तार में नहीं जाना चाहता।

स्थान-स्थान पर लोकप्रिय समितियां गठित किये जाने की बात पर मैं बल देना चाहता हूं। सभी स्तरों पर ऐसी समितियां बनाई जायें जिन्हें सांविधिक अधिकार प्रदान किये जायें और लोगों को भी उनके कार्यान्वियन में सम्मिलित किया जाये। जनसाधारण को जानकारी रहती है कि उनके क्षेत्र में कौन-कौन से बड़े जमींदार हैं जिनके पास फालतू भूमि है। आपको जनता का सहयोग प्राप्त होगा।

राष्ट्रीयकरण के मामले में भी आपका कार्य अपूर्ण है। आप इस मामले में झिझक रहे हैं। आपात स्थिति के दौरान बिड़ला, टाटा जैसे सेठों को खुश करने की जरूरत नहीं। मोटरगाड़ियों को मनमाने दामों पर ये लोग बेचते हैं। आप इस उद्योग को अपने अधिकार में ले सकते हैं।

[श्री इन्द्रजीत गुप्त]

कलकत्ता में सरकारी परिवहन व्यवस्था अत्यन्त शोचनीय है उसके सुधार के लिये उपाय किये जाने चाहियें। आप नौकरशाही पर निर्भर न करें। उसमें बहुत से लोगों का सम्बन्ध प्रतिक्रियावादी तत्वों से है। ऐसे लोगों को नौकरियों से निकाल दिया जाना चाहिए।

एक अन्य बात यह है कि कार्मिक संघों के नेताओं को डरा-धमका कर समझौता कराया जाता है। इण्डियन आक्सीजन के कार्मिक संघ के सचिव के साथ ऐसा ही हुआ है। पश्चिम बंगाल सरकार से इण्डियन आक्सीजन का एक समझौता हुआ है। लेकिन श्रमिक उससे संतुष्ट नहीं हैं। उनकी फैडरेशन के कई एककों ने उस समझौते से अपने को असम्बद्ध कर लिया है। अतः आप इस प्रकार असंतोष न फैलाएं।

हम श्रीमती गांधी के कार्यक्रम को कार्यान्वित कराने के लिये पूर्ण सहयोग देने को तैयार हैं। लेकिन सभी स्तरों पर इसे कार्यान्वित करना होगा। लेकिन हमारा कहना है कि सरकार और सत्ताधारी दल केवल ऊंचे नारों या कानून पर ही निर्भर करे बल्कि जनसहयोग को प्राथमिकता दें। तभी हमारा देश उन्नति कर सकता है।

श्री राजा कुलकर्णी (बम्बई--उत्तर-पूर्व) : वित्त मंत्री जी के इस कथन पर बहुत हर्ष हुआ है कि अर्थ-व्यवस्था शीघ्र ही काफी सुदृढ़ हो जायेगी और आर्थिक सुधारों के कार्यान्वयन से हम सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन लाने ही वाले हैं। हमें भी जानकारी है कि मुद्रास्फीति के लिये उतरदायी शक्तियों को समाप्त करने के लिये जोरदार प्रयत्न किये जा रहे हैं। मंत्री महोदय ने सूचकांक सम्बन्धी आंकड़े भी दिये हैं। लेकिन जैसे घास को ऊपर से थोड़ा काटने पर वह दोबारा उग आता है उसी प्रकार मुद्रास्फीति भी फिर से उभर कर सामने आ सकती है। अतः जब तक राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था में से मुद्रास्फीति की जड़ें न निकाली जायें तब तक यह समस्या सुलझायी नहीं जा सकती।

[श्री एच० के० एल० भगत पीठासीन हुए]

[SHRI H. K. L. BHAGAT *in the Chair*]

जो आर्थिक कार्यक्रम घोषित किये गये हैं, वे नये नहीं हैं। अतः उत्पादन बढ़ाने और जमा तथा निवेश सम्बन्धी उपाय करते समय, जो आवश्यक हैं, हमें उन बातों को भी रोकने का प्रयत्न करना है जिनसे मुद्रास्फीति होती है। उनमें से एक मुख्य कारण है घाटे की वित्त-व्यवस्था। इसी के कारण सारी कठिनाइयां पैदा होती हैं। इसे पिछले वर्ष के मुकाबले में कम रखा जाना चाहिए और पूरी तरह नियंत्रण में रखना जरूरी है।

दूसरा कारक है विदेश व्यापार, निर्यात और आयात। पिछले 3–5 वर्षों से हमारा व्यापार संतुलन हमारे विपरीत रहा है। हमारे देश में विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बनायी जा रही हैं। लेकिन अब भी आयात, निर्यात से बढ़कर ही होता है। निर्यात बढ़ाने के लिये आयात का बढ़ाना आवश्यक नहीं है। आज हमारी अर्थ-व्यवस्था अन्तर्राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था से जुड़ी हुई है। हमें अपनी सुरक्षा के उपाय करने चाहिए। विपरीत व्यापार-संतुलन से मुद्रास्फीति की शक्तियों में वृद्धि होती है।

इसके साथ-साथ आपातकालीन स्थिति के दौरान लोगों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ा है और वे चाहते हैं कि आर्थिक कार्यक्रम सफल हो। यह एक समय-बद्ध कार्यक्रम है। उसे सफल बनाने के लिए जनसहयोग अत्यावश्यक है। नौकरशाही पर अधिक निर्भर करते रहने पर भी हम सफल नहीं

हो सकते। लेकिन उसके साथ ही हम किसी एक राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं कर सकते क्योंकि यहां बहुदलीय लोकतंत्र की प्रणाली है। अब जब आन्दोलन की आवश्यकता है। जन प्रयासों को संगठित किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम को लागू करने और जन सहयोग प्राप्त करने के लिए कोईनकोई प्रणाली अवश्य बनाई जानी चाहिए। जन वितरण के लिए हमें उपभोक्ता सहकारी भण्डारों पर निर्भर करना है। भूमि हदबन्दी के लिए हमें जनता का समर्थन प्राप्त होना चाहिए।

औद्योगिक क्षेत्र में हम ने औद्योगिक सम्बन्ध सुधारने का काम शुरू कर दिया है। श्रमिकों तथा प्रबधकों के बीच सम्बन्ध स्थापित करने के लिए भी कार्यक्रम बनाया गया है। हमारे पहले के कार्यक्रम सफल नहीं हुए। औद्योगिक क्षेत्र में भागीदारी की एक नई पद्धति बनानी होगी।

अब जबकि विद्युत उपलब्ध है, कच्चे माल के उपलब्ध होने की भी सम्भावना है और सरकारी वित्तीय मशीनरी भी उपलब्ध है तो अब लोकतंत्र को तैयार करना होगा। एक पद्धति की आवश्यकता है और हम चाहते हैं कि वित्त मंत्री सामान्य रूप से जन-सहयोग और उद्योग में श्रमिकों के सहयोग की इस पद्धति पर प्रकाश डालें।

Shri Sat Pal Kapur (Patiala): This 20 point programme, as announced by the Prime Minister after proclamation of emergency, has been appreciated throughout the country and it has installed a sense of confidence in our people. People all over the country have not only whole-heartedly welcomed it but have extended their support and cooperation for its implementation. Today there is need to pay more attention towards National discipline, unity and hard labour. It is heartening to note that this programme includes land reforms and the imposition of ceiling on land holdings. But this programme of land reforms cannot succeed unless all cases pending in various courts of the country challeging the declaration of some lands as surplus are scrapped. Government should promulgate an Ordinance to this effect, if necesary.

There are 124 power and irrigation projects in the country which have been pending because of inter-State disputes. Some of these disputes are more than 10 yers old. So long as these disputes are not settled, these projects cannot be implemented. The emergency should be utilised for the purpose of settling the disputes so that work on these projects can be started imediately. As regards distribution of benefits accruing out of these projects, a proper machinery can be evolved later which can decide the issue.

Today everyone says that there must be more production capacity should be utilised fully. There is need to evolve a production pattern so that the requirements of the common man can be met. Press reports reveal that in the absence of bank credit stock of cloth has got accumulated with the mill owners. Textile Association and its lobby say that they are not getting bank credit. Hence immediate arrangements be made for bank credit. We should not encourage production of luxury goods and superfine cloth etc. We should encourage production of articles of every day consumption which are in short suply and which are required by people in general. Government should see that credit and other facilities should be given to those manufacturers only who follow the production pattern of Government.

I do not know as to who has suggest setting up of thermal power station in each state. Four thousand wagons are required daily for transport of coal to the thermal power stations functioning at present. I suggest that thermal stations be set up in state like Madhya Pradesh, West Bengal and Bihar where coal is available.

[Shri Sat Pal Kapur]

There is no need to afford security of service to Government officer specially to the officers belonging to I.A.S. and I.P.S. cadre, Article 311 should be removed from the constitution. Constitution ean be amended for this purpose. Only then we will be able to curb the bureaucracy and enable them to extend their co-operation for the implementation of this 20 point programme.

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : महोदय, मैंने एक संशोधन पेश किया है जो इस प्रकार है :

"कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोड़ा जाये, अर्थात् :

'और सरकार से मांग करती है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रगतिशील राजनीतिक दलों, मजदूर संघों, किसान सभाओं, सामाजिक, युवक और महिला संगठनों को प्रत्येक स्तर पर सहयोगित किया जाये।' "

यह एक ऐसा संशोधन है जिसे स्वीकार करने में कोई हानि नहीं है। मुझे आशा है कि सरकार इसे स्वीकार कर लेगी।

कुछ सदस्यों ने कहा है कि इस कार्यक्रम को लागू करने के लिए हर चीज नौकरशाही पर नहीं छोड़नी चाहिए। अच्छे तथा बुरे दोनों प्रकार के लोग हैं। कुछ लोग समाजवाद के लिए वचन-बद्ध हैं तो कुछ नहीं। इसीलिए मैं कहता हूं कि जो लोग इस 20 सूत्री कार्यक्रम में विश्वास रखते हैं उन्हें इस आर्थिक कार्यक्रम में अवश्य सहयोजित किया जाना चाहिए। सभी सरकारी उपक्रमों में द्विपक्षीय समितियां बनाई जायें और प्रबन्ध में श्रमिकों की भागीदारी की योजना को क्रियान्वित किया जाये।

कुछ सदस्यों ने बताया है कि कुछ कारखानों में अभी भी जबरी छुट्टी की जा रही है। कानपुर की लक्ष्मीरतन कपड़ा मिल और एथर्टन कपड़ा मिल अभी भी बन्द है और 8000 श्रमिक बेरोजगार हैं। सरकार ने इन कारखानों को अपने हाथ में लेने का निर्णय किया था लेकिन दुर्भाग्यवश अब तक ऐसा नहीं किया गया है। राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया ऐसी है कि जब तक सरकार इन कारखानों को अपने हाथ में लेगी तब तक मशीनरी खराब हो जायेगी। मैं वित्त मंत्री से अनुरोध करूंगा कि वे इन कारखानों को शीघ्र अपने हाथ में लें।

जब कभी भी उत्पादन में वृद्धि करने की आवश्यकता पड़ी हो बहुराष्ट्रीय कम्पनी, हिन्दुस्तान लीवर्स लिमिटेड उत्पादन कम ही करती रही। छः महीने पूर्व गाजियाबाद स्थित उनके कारखाने में प्रति सप्ताह 540 टन डालडे का उत्पादन होता था। उसके बाद इसे घटा कर 200 टन प्रति सप्ताह कर दिया गया। एक सप्ताह पहले अर्थात् आपात स्थिति के दौरान उन्होंने इसे और घटा कर 100 टन प्रति सप्ताह कर दिया था। इस कम्पनी ने साबुन की किस्म और आकार कम कर दिया है। इन्होंने लाइफब्वॉय और सनलाइट का वजन भी कम कर दिया है। इन्होंने सर्फ का मूल्य केवल 5 पैसे कम किया है। अन्य सभी वस्तुओं के मूल्य कम हुए हैं परन्तु इस कम्पनी ने अपने उत्पादों के मूल्य कम नहीं किये हैं। यदि यह ठीक है कि उन्होंने इस आपात स्थिति में डालडे का उत्पादन 450 टन से घटाकर 100 टन प्रति सप्ताह कर दिया है तो उन्हें इसके लिए दण्ड दिया जाना चाहिए।

चीनी उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए क्योंकि यह उत्पाद शुल्क के मामले में गन्ना उत्पादकों और सरकार को धोखा दे रहे हैं। यदि इस आपात स्थिति में इसका राष्ट्रीयकरण

नहीं किया जाता तो यह कभी नहीं हो सकता। बिहार और उत्तर प्रदेश विधान सभाओं ने सर्वसम्मति से संकल्प पास करे हैं कि इसका राष्ट्रीयकरण किया जाये। केन्द्र ने भी वायदा किया है। उन्होंने कहा है कि रिपोर्ट के आने के बाद इसका राष्ट्रीयकरण किया जायेगा। गन्ना उत्पादकों का करोड़ों रुपया देय है। हमें संविधान के अनुच्छेद 311, को केवल इसलिए समाप्त नहीं करना चाहिए कि हमारे यहां कुछ अधिकारी भ्रष्ट हैं। भ्रष्ट अधिकारो का पता लगाने के लिए आसूचना विभाग है। नौकरशाही को ठीक किया जाना चाहिए और उसे समाजवाद के निकट लाया जाना चाहिए। उनमें ऐसे लोग भी हैं जो समाजवाद के लिए मतबद्ध हैं। हमारा रेडियो और टेलोविजन भी मतबद्ध होने चाहिए। ये सब उच्च आदर्शों के लिए मतबद्ध हों। यदि हम सब मिलकर काम करें तो यह 20 सूत्री कार्यक्रम देश में सफल होगा। इन शब्दों के साथ मैं इस कार्यक्रम का पूरो तरह समर्थन करता हूं।

Shri Narsingh Narain Pandey (Gorakhpur): It has ben provided in the 20-point programme that land will be provided for housing purposes to the weaker sections. This is a very laudable provision which will go a long way in removing the difficulties of the poorer sections. Earlier also land sites were provided to Harijans and landless labour and they were given the allotment letters to occupy that land. But for so many years they have neither been able to locate the land nor can they occupy it

The land ceiling laws have been openly flouted. Most of the big landlords and farmers who own hundreds of acres of land have been keeping their big farmers with them. They have formed trusts and cooperative societies and transferred all the lands in their names. This way they have been evading the ceiling laws. Government should look into it and take urgent steps during the emergency to see that surplus land is distributed to Harijans and landless. The State Governments have proved ineffective so far for this purpose. This can only be done when there is a unified programme at the Central level.

Although Government propose to bring a Bill on urban land ceiling, it is not going to solve the difficulty of those persons who are homeless. I will suggest that the tenants should be declared land owners after payment of certain amount. This programme will help the economy drive launched by Government and will make funds available to the poor for construction of houses in the rural areas.

I will also suggest that consumer cooperative stores should be opened in the rural areas so that they can supply foodgrains at cheaper price to the rural population during the lean period.

So far as sugar is concerned, I had said in this House that sugar be exported and Khandsari and Gur be supplied in rural and urban areas. Incase we import one million tonnes of crude oil, we must export one million tonne of sugar. Now the price of sugar in the international market has come down to £150—200 per tonne from £600 per tonne. You can meet your adverse balance of payment position by exporting sugar only. In this way we can make our economy strong. Sugar magnates are not permitting proper functioning of our economy. You have followed Credit squeez policy. They want hundred percent credit. Sugar mill owners have to pay a huge arrear of Rs. 70 crores to the cane growers. Rs. 80 crores have to be paid to the cane growers in Uttar Pradesh alone. This has crippled the economy of the rural sector in Northern India. In fact the sugar magnates are not to exploit the cane-growers, the common man and the Government. I therefore, suggest that the recommendations of the Bhargava

commission be implemented without any further delay. A.I.C.C. has also made a plea in this regard. This demand should be met and economy be given a strong base. Only then we can achieve socialism and people can leave a sigh of relief. With these words I support this economic programme and congratulate the Prime Minister for the timely steps taken by her.

श्री लीलाधर कटकी (नवगांव) : मैं प्रधान मंत्री द्वारा 1 जुलाई को घोषित 20 सूत्री कार्यक्रम का स्वागत करता हूं। इस कार्यक्रम के ये 20 सूत्र नये नहीं हैं।

सभापति महोदय: सभा अब स्थगित होती है। आप अपना भाषण कल जारी रख सकते हैं। सभा कल 11.00 बजे म० पू० पर समवेत होगी।

तत्पश्चात् लोक-सभा शुक्रवार, 1 अगस्त, 1975/9 श्रावण, 1897 (शक) के 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the clock on Friday, August 1, 1975/Sravana 9, 1897 (Saka).

CMGIPND—M—1265 L S J C 1935—200—25-9-75

PARLIAMENT LIBRARY
No. B. 274(15)
DATE 3.10.75

यह लोक सभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनुदित संस्करण है और इसमें अंग्रेजी/हिन्दी में दिये गये भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है ।

This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hindi/English translation of speeches etc. in English/Hindi.